हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 मार्च 2026



# महाअष्टमी आज, श्रद्धा-भक्ति का सैलाब, विधि-विधान से होंगे हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र महापर्व के तहत कल गुरुवार को महाअष्टमी पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शक्ति की देवी मां दुर्गा का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन करने के साथ ही देवी रूपी कन्याओं को भोज कराकर भक्त आशीर्वाद लेंगे। इसके साथ ही मंदिरों में स्थापित जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना घर व मंदिरों में की जा रही है। बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति मंदिरों में बन रही है। ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व 19 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। पर्व पर देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत जंवारा स्थापित किए गए हैं। 23 मार्च को पंचमी के अवसर पर माता ज्योत जंवारा का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में जस गीतों की गूंज बनी हुई है। नवरात्र महापर्व के तहत कल गुरुवार 26 मार्च को महाअष्टमी पर्व मनाया जाएगा, जिसे लेकर व्यापक तैयारियां मंदिरों एवं घरों में भक्तों ने की है।

## कन्याओं को भोज, शुरू होगा जंवारा विसर्जन का सिलसिला

### मंदिरों में भक्तों की भीड़

श्रद्धा भक्ति के बीच बड़ी संख्या में दर्शनार्थियों की उपस्थिति प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में बन रही है। विभिन्न साधनों से भक्त दिन-रात डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं, जहां देवी मां के दर्शन के साथ ही पूजा-अर्चना कर मेले का आनंद उठा रहे हैं। पूर्व वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष पदयात्रियों की संख्या कम रही। डोंगरगढ़ में दिन-रात चहल-पहल का वातावरण निर्मित है।





### कल से विसर्जन का दौर

अष्टमी हवन व पूजन पश्चात देवी मंदिरों से जस गीतों के माध्यम से ज्योत जंवारा का विसर्जन किए जाने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। जिसके चलते शहर के शीतला मंदिर परिसर बूढ़ातालाब सहित अन्य तालाबों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति ज्योत जंवारा विसर्जन करने बनी रहेगी। पूरे नवरात्र पर्व पर अंचल में माता के जयकारों के साथ ही श्रद्धाभक्ति का माहौल है।

### मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज

शहर व आसपास के देवी मंदिर मां शीतला मंदिर सोनारपारा, मां पाताल भैरवी मंदिर, काली माई मंदिर पुराना बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर किलापारा, कालीमाई मंदिर ब्राम्हणपारा, भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, नवागांव काली माई मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की उपस्थिति है। मंदिरों में माता के जयकारों की गूंज बनी हुई है।

# ‘अविश्वास’ में नहीं पहुंचे पीठासीन अफसर भड़के पंच और ग्रामीणों ने मचाया हंगामा

## सोमनी पंचायत में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत सोमनी में पंचों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बुधवार को बैठक होनी थी, लेकिन तारीख देने के बाद प्रशासन की टीम ही मौके पर नहीं पहुंची। जिसको लेकर पंचों और ग्रामीणों में जमकर नाराजगी देखने को मिली। माहौल इतना गरमाया कि मौके पर आपस में विवाद होने लगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख के साथ भी धक्का-मुक्की देखने को मिली। अब बताया जा रहा कि अविश्वास प्रस्ताव की बैठक के लिए नई तारीख दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पहले से ही चर्चा में रहने वाले ग्राम पंचायत सोमनी की राजनीति अब हाई प्रोफाइल हो गई है। बुधवार को पंचायत में सरपंच के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक होनी थी, लेकिन राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव ऐसा जोर मारा कि तारीख एक बार फिर आगे बढ़ गई। हालांकि अविश्वास प्रस्ताव पक्ष के सभी 16 पंच चुनाव करने के मकसद से ही पखवाड़ेभर बाद अज्ञातवाश से पंचायत पहुंचे थे, लेकिन इन पंचों को एक बार फिर राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण निराश होना पड़ा। सभी पंच सुबह 11 बजे से पहले ही पंचायत पहुंच गए थे।




### जमकर नारेबाजी, आपस में तकरार

अविश्वास प्रस्ताव की बैठक को देखते हुए सरपंच नीलिमा साहू सहित उनके पक्ष के पंच और ग्रामीण भी पंचायत पहुंचे, लेकिन अविश्वास प्रस्ताव का मत जानने अफसर ही नहीं पहुंचे। जिसका घंटों इंतजार भी होता रहा। इस बीच सरपंच के पक्ष में ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। विपक्षी पंचों पर ग्रामीणों ने अपनी भड़ास तक निकाली। इस गहमा-गहमी के दौरान एक ग्रामीण के साथ क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख के साथ झूमाझटकी तक हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट तक हुई। हालांकि पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया।

**दोपहर बाद पहुंचे अफसर:** अविश्वास प्रस्ताव में जहां पीठासीन अधिकारी मौके पर ही नहीं पहुंचे। वहीं माहौल बिगड़ता देख दोपहर में जब जनपद पंचायत के सीईओ व अधिकारी पंचायत पहुंचे, तब पंचों को समझाइश दी गई और कार्रवाई की तारीख आगे बढ़ने की जानकारी दी गई। इसके बाद सभी ग्रामीण वापस लौटे। हालांकि अभी नई तारीख नहीं बताई गई है, परन्तु ऐसा माना जा रहा है कि अप्रैल महीने में किसी भी दिन यह बैठक आयोजित की जा सकती है।

### राजनीतिक दबाव का आरोप

अविश्वास प्रस्ताव लाने में शामिल पंचों ने प्रशासन पर आरोप लगाते कहा कि राजनीतिक दबाव के चलते बैठक को टाला जा रहा है। सरपंच के खिलाफ 80 फीसदी से अधिक पंच लामबंद है, लेकिन जनप्रतिनिधियों की आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि जल्द इस मामले में प्रशासन बैठक नहीं करता है तो ग्रामीणों द्वारा आंदोलन भी किया जा सकता है।

0 **राजनांदगांव।** रामनवमी के उपलक्ष्य में 26 मार्च को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### मंदिरों में महाष्टमी आज



**सड़क अतरिया।** अंचल के देवी मंदिरों में कल गुरूवार को महाष्टमी मनाया जाएगा। नर्मदा मंदिर, घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा, चोरड़ाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर तथा शीतला मंदिर में महाष्टमी मनाने की तैयारी की गई है। नर्मदा मंदिर में प्रातः साढ़े 10 बजे अनुष्ठान किया जाएगा। इसके पश्चात महाआरती एवं कन्या भोज कराया जाएगा। शुक्रवार को गोधुली बेला में पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं सेवा गीत के साथ शोभा यात्रा निकाल कर ज्योति कलशों का विसर्जन किया जाएगा।

### स्नेह सम्मेलन का आयोजन 28 को

**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ मंच संचालन समिति के मीडिया प्रभारी विजय जैन ने बताया कि समिति द्वारा आगामी 28 मार्च को जोशीलमती में वार्षिक स्नेह एवं होली मिलन समारोह, रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के मंच संचालक शामिल होते है। कार्यक्रम में कलाकारों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की जा रही है। समिति के संयोजक चंद्रशेखर परघनिया, अध्यक्ष सोहनलाल साहू, टिकेंद्र कुमार, राजेश साहू, गणेश यदु, संजय मैथिल, हरीश साहू, सुमित यादव, चंद्रभूषण साहू, अमित साहू, तिलक राज सिन्हा, दुष्यंत देशमुख, विमल साहू, भूपेंद्र निषाद, भोलेराम पटेल, डा वेद प्रकाश साहू, रामेश्वर निर्मलकर आदि ने सहयोग राशि जमा कर दी है।

### चमन वर्मा को मिली युवा मोर्चा की कमान





**साल्हेवारा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष विशेषर साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू की अनुशंसा से मंडल भाजयुमो अध्यक्ष चमन वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष राजेश पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, दीपू मानिकपुरी, मुकेश साहू, महामंत्री उमेश मरकाम, करण पटेल, मंत्री नोहर सोनवानी, तेजूराम मार्ते, अभिषेक श्रीवास्तव, धर्मेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुरेश यादव को बनाया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी पवन मरावी एवं मीडिया प्रभारी खेम साहू हैं।

### बैठक में कई विषयों पर चर्चा




**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में गत दिनों जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष टामेश्वर साहू , सरपंच ललिता साहू, प्राचार्य रमेश चौधरी, सदस्य ललिता टांडेकर एवं चंद्रकला सोनकर शामिल हुई। बैठक में छात्रों संख्या में वृद्धि , महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छात्रों को प्रेरित करने, प्रस्तावित भवन का भूमिपूजन, पानी की उचित व्यवस्था जैसे अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। समस्त विषयों पर समिति ने यथासंभव पहल करने का आश्वासन दिया। आय व्यय पर भी चर्चा की गई । इस दौरान डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी , कंचन साहू उपस्थित थी।

### नवयुगलों को दिया आशीर्वाद



**डोंगरगांव।** कर्मा भवन मटिया में साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह समारोह में शिरकत करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष महेश्वर साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने नव युगलों को आशीर्वाद दिया।

### कृषि महाविद्यालय ने किया सज्जाक का सम्मान



**छुईखदान।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ने समाजसेवी और पत्रकार सज्जाक खान को मोमेंटो एवं गमछा भेंट कर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि क्षेत्र में पान की खेती को लेकर आमजन के सहयोग से पुनः इसे विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। पान अनुसंधान केंद्र और कृषि महाविद्यालय के प्रयास से पान की खेती को पुनर्जीवित करने की दिशा में पहल की गई है। इस पहल में क्षेत्र के छह प्रमुख किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिससे इलाके में नई उम्मीद बनी है। पान अनुसंधान केंद्र के प्रभारी श्री असाटी ने बताया कि किसानों ने बड़ी रुचि के साथ पान की बाड़ी लगाकर एक नई शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास को सफल बनाने में क्षेत्रवासियों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर के समाजसेवी सज्जाक खान इस दिशा में लगातार योगदान दे रहे हैं, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान सुधीर जैन एवं अधिवक्ता गजेंद्र ठाकरे उपस्थित थे।

## साढ़े 5 घंटे बाधित रहा डोंगरगांव-छुरिया मार्ग

# सड़कें खस्ताहाल, बढ़ी परेशानी ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

### अनदेखी से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंचल की विभिन्न सड़कों के जर्जर होने के बाद भी मरम्मत में कोताही करने से ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए विभिन्न ग्राम पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने डोंगरगांव- छुरिया मार्ग पर चक्काजाम आंदोलन किया। आंदोलन के चलते डोंगरगांव और छुरिया की ओर वाहनों की कतार लग गई थी। घंटों मशक्कत के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच शरद वैष्णव ने बताया कि अरसीटोला,आसरा, अड़ाम, सांगिनछार, शिकारीटोला, तेन्दूनाला, दर्राबांधा, तिलईखार, कोकपुर, बम्हनीभांठा के ग्रामीणों ने 4 मार्गों के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। निर्धारित तिथि तक निर्माण की पहल नहीं होने के बाद बुधवार को चक्काजाम किया गया है। विभिन्न ग्रामों के महिला-पुरूषों के सड़क पर आकर बैठ जाने से डोंगरगांव- छुरिया मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई और देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।



#### अफसरों ने दिया आश्वासन

आंदोलन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के एसडीओ और इंजीनियर ने बताया कि तेन्दुनाला - कोकपुर सड़क का प्राक्कलन स्वीकृति के लिए प्रेषित कर दिया गया है। स्वीकृति और टेंडर प्रक्रियाके बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसी प्रकार तिलईरवार से अड़ाम सड़क का प्राक्कलन भी प्रेषित किया जा चुका है। आवागमन हेतु मरम्मत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आसरा से जंतर सड़क का प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया है। स्वीकृति के लिए प्राक्कलन की प्रकिया प्रगति पर है। आसरा से जराहामाहका मार्ग को लेकर बताया कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग से संबंधित नहीं है।

#### जमकर नारेबाजी

चक्काजाम आंदोलन के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सुबह 9 से दोपहर ढाई बजे तक चला चक्काजाम आंदोलन अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हुआ। इस मौके पर ग्राम पंचायत आसरा के सरपंच शरद वैष्णव, तेंदूनाला के बसंत निषाद, बम्हनीभांठा के सालिकराम लाऊत्रे, विचारपुर नवागांव के मिट्ठूराम साहू के अलावा मुकेश साहू, कृष्णाराम साहू, डेरहाराम साहू, अरुण कंवर, अंशुमान वैष्णव, पूर्णानंद जगने, प्रमोद अग्रवाल, प्रभा साहू, रेखा मंडावी, राधिका कंवर, राजेश कंडरा, हुकुम साहू, बिसरीबाई सहित विभिन्न पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे।

# राजधानी दिल्ली में गूंजी जिले की उपलब्धियां

### डीएमएफ समिट में मिली राष्ट्रीय पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

दिल्ली के स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय नेशनल डिसि्ट्रक्ट मिनरल फंड समिट में आकांक्षी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की उल्लेखनीय उपलब्धियों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली। समिट में जिले द्वारा डीएमएफ फंड के नवाचारी एवं प्रभावी उपयोग को सराहा गया।

समिट के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने जिले द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य तथा आकांक्षी ब्लॉक फेलो सविता साहू ने उन्हे डीएमएफ मद से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री श्री रेड्डी ने इस बात की प्रशंसा किया कि जिले में डीएमएफ फंड का उपयोग योजनाबद्ध तरीके से करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने जिले में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तनों को अन्य जिलों के लिए प्रेरणादायक बताया।

#### मंत्री को दिया रागी का आटा

समिट के दूसरे दिन स्थानीय संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए मंत्री को जिले में उत्पादित रागी आटा एवं कोदो चावल भेंट किया गया। यह उत्पाद स्थानीय महिला समूहों की मेहनत और लोकल फॉर वोकल अभियान के तहत आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक हैं। राष्ट्रीय मंच पर मिली सराहना ने जिले के प्रयासों को नई पहचान देने के साथ ही विकास की दिशा में किए जा रहे नवाचारों को और गति प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त किया।

### मानसी का नवोदय विद्यालय में चयन



**साल्हेवारा।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा मानसी भेड़िया का नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। भारत पैथोजाली के संचालक भरत लाल भेड़िये की बेटी मानसी ने अपनी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। मानसी को डॉ. जीएल उके, दिलीप शुक्ला, उषा शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, अजय नेताम, श्री गंधर्व सहित अन्य ने बधाई दी है।

# संभागायुक्त ने अस्पताल भवन का किया निरीक्षण



**साल्हेवारा।** दुर्ग संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने बीते दिनों दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। श्री राठौर ने साल्हेवारा में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉ प्रकाश वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण को जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए एसडीएम अविनाश ठाकुर को शेष कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए।इस दौरान पटवारी राजेन्द्र साहू, सरपंच दशरथ पटेल, प्रवीण गायकवाड सहित अन्य उपस्थित थे।

# आज रात होगा माता बम्लेश्वरी का अभिषेक

- मंदिर समिति ने की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अनादिकाल से चली आ रही परंपरा के अनुरूप काल रात्रि अभिषेक की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सप्त सति रणचंडी पाठ के समापन के साथ रात्रि 12 बजे उपर एवं नीचे मंदिर में आचार्य एवं पंडितो द्वारा काल भैरव के आहवान के साथ माता के दरबार को धोकर स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

ऐसा कहा जाता कि इस दिन माता भगवती अभिषेक के बाद अपने स्वरूप में बदलाव लाती है।



कल प्रातः उपर मंदिर एवं शाम को नीचे मंदिर में हवन पूजन और अनुष्ठान किया जाएगा। जिसके बाद मनोकामना ज्योति कलश का विसर्जन होगा।

नवरात्र के दौरान माता के दरबार में हाजरी लगाने के साथ विभिन्न प्रदेशों और विदेश के लोगो ने जोत स्थापित कराया। इस साल माता के दरबार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल, हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रामजी भारती, भुनेश्वर बघेल, अलका उदय मुलदियार, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, एडीजे डमरूधर चौहान, संजय पिल्ले आईपीएस, अनिल मिश्रा वेस्ट बंगाल, एसपी अंकिता शर्मा के कलश विराजित है। इसके अलावा कैलिफोनिया, स्वीडन, युरोप, जर्मनी, युएसए, आस्ट्रेलिया के भक्तों ने भी जोत प्रज्जवलित कराया है।

## पांच हजार भूमिहीन श्रमिकों को सहायता राशि का वितरण

# गरीबों की सेवा ही सबसे सच्ची और बड़ी सेवा : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समारोह में सहायता राशि के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने लाभान्वित होने वाले हितग्रहियों को सहायता राशि का उपयोग बच्चों की शिक्षा सहित अन्य कार्य में करने प्रेरित किया ताकि भविष्य बेहतर हो सके।

उल्लेखनीय है कि योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार की सहायता राशि सरकार की ओर से मिलती है। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान श्री गांधी ने कहा कि पं उपाध्याय अंत्योदय के विकास के पक्षधर रहे है। उनका मानना था कि जब तक अंतिम पंक्ति का व्यक्ति विकास की मुख्य धारा में शामिल नहीं होता तब तक विकास बेमानी है।

वह कहते थे कि दरिद्र नारायण की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है इसलिए भाजपा ने हमेशा गांव और गरीब की चिंता करते हुए विकास को फोकस किया और ऐसी योजनाओं की शुरुवात किया जिससे गरीबों के जीवन में उजाला आ सके। श्री गांधी ने बताया कि भूख की चिंता मिटाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह ने चावल देने की शुरू की तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने गांव के विकास को पंख देने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लांच किया।



#### पांच हजार लोगों को लाभ

जानकारी के अनुसार दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत ब्लाक के 2849 हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है वहीं नगर में 1570 हितग्राही है। सहायता राशि मिलने से हितग्राहियों में खुशी की लहर देख गया। इस मौके पर जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यद्धु, जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, उपाध्यक्ष मनीष साहू, अंजू त्रिपाठी, रोहित गुप्ता, कोमल साहू, निर्मला मालेकर, लक्ष्मी नारायण सेन, विवेक मंडावी, उमेश साहू, तहसीलदार कमल किशोर साहू, जनपद सीईओ रौशनी भगत, सीएमओ विनम्र जेमा, ममता पटेल, ओमप्रकाश जैन सहित अन्य मौजूद थे। संचालन बीरेन्द्र तिवारी ने किया।

#### किसानों की बदली दशा

भाजपा नेता श्री गांधी ने बताया कि मौसमी मार को झेलते हुए खेती करने वाले किसानों की दशा सुधारने के लिए भाजपा सरकार ने फसल बीमा योजना लागू किया वहीं उन्हें सूदखोरों के चंगुल से बाहर निकलने किसान क्रेडिट कार्ड शुरू किया। किसानों अब जीरो परसेंट ब्याज पर बैंक से कर्ज लेकर खेती कर रहे हैं।

### महिला नेत्री पहुंची मां बम्लेश्वरी के दरबार



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हिंदी सलाहकार समिति की नेत्री डॉ सुषमासिंग ने डोंगरगढ़ पहुंच कर देवी दर्शन किया। बिलासपुर से डोंगरगढ पहुंची सुषमा सिंग पर्यटन कार्यालय में प्रसाद योजना के तहत चल रहे कार्यो की जानकारी ली। इस दौरान उनका पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मूलचंद लोधी, पर्यटन सूचना के अधिकारी श्रीनिवास राव ने अगुवाई कर स्वागत किया। इस मौके पर एम लक्ष्मी डोंगरे, सुनिमा दुबे, जयलक्ष्मी, कमलकिशोर साहू उपस्थित थे।

# ग्रामीण युवाओं को मिली युवा मोर्चा में जिम्मेदारी











**सड़क अतरिया।** जिला युवा मोर्चा की कार्यकारणी की घोषित हो गई है। कार्यकारिणी में क्षेत्र के युवाओं को भी प्रतिनिधित्व का मौका दिया गया है। जिला भाजयुमो की कार्यकारिणी में क्षेत्र के अनुज साहू को उपाध्यक्ष, दिवाकर सोनी को मंत्री बनाया गया है।

अश्वनी जंघेल, राजू जंघेल, सुरेश पटेल, महेश जैन, लोमश वैष्णव, अंजु जंघेल, दुर्गेश जंघेल, वीरेन्द्र जंघेल, बोधन मेरावी, कन्हैया साहू, रोशन जंघेल, गगन अग्रवाल, तेजू राम रात्रे सहित कुछ अन्य को अहम दायित्व सौंपा गया है। पहली बार लगभग दो दर्जन युवाओं को जिम्मेदारी मिली है।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कहा कि वनांचल से मैदानी इलाके के युवाओं को जिला स्तर पर काम करने का मौका दिया गया है जिसका लाभ संगठन को मिलेगा। मोर्चा के सदस्यों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, खम्हन ताम्रकार, निजाम सिंह मंडावी, प्रकाश जंघेल, डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, संगीता जंघेल, आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, बालकिशन जंघेल आदि ने बधाई दी है।



## खबर संक्षेप

### अवैध दीवार का निर्माण तोड़कर दिलाया न्याय



**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव चिखली निवासी उर्मिलाबाई उके द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में बिल्डर द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दीवार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। दीवार निर्माण के कारण उनके आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। कलेक्टर ने शिकायत को गंभीरता से लेते संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। संबंधित विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कर अवैध रूप से निर्मित दीवार को तोड़ा गया और आवेदक उर्मिलाबाई उके को न्याय दिलाया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, पारदर्शी और नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को समय पर समाधान प्राप्त हो सके।

### महिला कबड्डी टीम ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** कबड्डी के क्षेत्र में राजनांदगांव महिला टीम अखिल भारतीय कबड्डी महाराष्ट्र के आवरीटोला में विजेता का खिताब प्राप्त किया है। अपने लीग मैच और नॉकआउट में अनेक टीमों को हराकर फाइनल में छिंदवाड़ा से टक्कर हुई। जिसमें राजनांदगांव महिला टीम ने अपने ख्याति के अनुसार खेल का प्रदर्शन किया और छिंदवाड़ा महिला टीम को एकतरफा 17 के मुकाबले 47 अंक से पराजित कर दिया। 2026 का अखिल भारतीय टूर्नामेंट में राजनांदगांव का यह पांचवा खिताब है। समस्त खिलाड़ियों को कोच एवं मैनेजर ललित साहू और रेगुलर कोच रोहित पड़ोती, हरीश साहू, तीरथ गिरी गोस्वामी एवं महेश साहू को बधाई। उक्त बधाई जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष ऋषिदेव चौधरी एवं आजीवन अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

### मिथिलाधाम में भंडारा

**राजनांदगांव।** मिथिलाधाम गणेश हनुमान मंदिर में मां बम्लेश्वरी पदयात्रियों के लिए प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मौनी बाबा का भंडारा लगाया गया है। इस अवसर पर रायपुर, भिलाई, दल्लीराजहरा, कांकेर व अन्य कई जगह से पदयात्रा की, मिथिलाधाम मंदिर में विश्राम कर भोजन ग्रहण किया। इस वर्ष पिछले वर्षों की अपेक्षा पदयात्रा की संख्या कम रही है, फिर भी परंपरागत भंडारा चल रहा है। उक्त जानकारी मंदिर समिति के महंत त्यागी बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने दिया।

### प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** वैष्णव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने 21 मार्च की रात विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके रायपुर स्थित निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के लगभग 50 पदाधिकारियों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा करते राजगामी सम्पदा के अध्यक्ष पद की मांग प्रमुखता से रखी। इस दौरान वैष्णव समाज के प्रतिनिधियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को रखते राजगामी सम्पदा के अध्यक्ष पद पर समाज के योग्य प्रतिनिधि की नियुक्ति की मांग की। इस अवसर पर समाज के लोगों ने डॉ. सिंह के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता व्यक्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रतिनिधि मंडल में संतोष वैष्णव, संदीप वैष्णव, पूरनदास वैष्णव, सुरेन्द्र दास, हेमंत वैष्णव, दुष्यंत दास, रविन्द्र वैष्णव, महेन्द्र वैष्णव, कमलेश दास, शिवकुमार, देवकुमार, मनीष वैष्णव, प्रशांत वैष्णव, बालकृष्ण दास, कमल नारायण, सागर वैष्णव, किशन वैष्णव, आदित्य वैष्णव, जितेंद्र वैष्णव, दिनेश वैष्णव, अजय वैष्णव, शरद वैष्णव, मोनू वैष्णव, रमेश वैष्णव, सुरेन्द्र बैरागी, इंद्रकुमार दास, रेवती रमन दास, सुरेन्द्र वैष्णव, विश्वास वैष्णव, अनूप दास, जगेश्वर दास और लव कुमार वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बोरिंग में नया सब-मर्सिबल पंप स्थापित



**राजनांदगांव।** वार्ड नंबर 39 हीरामोती वार्ड में देवांगन समाज की बोरिंग में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को ध्यान में रखते नया सब-मर्सिबल पंप सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्ड पार्षद रवि सिन्हा द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं अगरबत्ती जलाकर शुभारंभ किया गया। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि "जनता की मूलभूत सुविधाएं हमारी प्राथमिकता है। पानी जैसी आवश्यक जरूरत में किसी भी प्रकार की परेशानी का निवारण किया जाएगा। देवांगन समाज की इस समस्या के समाधान के लिए हमने तत्काल पहल की और आज इसका स्थायी निराकरण कर दिया गया है। आगे भी क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।" कार्यक्रम में समाज के प्रमुख सदस्य डीके देवांगन, रीतेश देवांगन, अजय श्रीवास्तव, बशीर बडगुजर, दिनेश देवांगन, संदीप निर्मलकर, वीरेंद्र रजक एवं अन्य उपस्थित रहे।

### भगतसिंह, राजगुरू व सुखदेव को किया याद




**राजनांदगांव।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद राजनांदगांव द्वारा पार्टी कार्यालय प्रकाश भवन कार्यालय प्रकाश भवन में भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखेदव को नमन किया। साथ ही अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन तथा उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रो. थानसिंह वर्मा ने कहा कि भारत की आजादी में क्रांतिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भगतसिंह एक क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि प्रबुद्ध लेखक तथा महान चिंतक थे। उन्होंने क्रांति के उद्देश्य तथा आजाद भारत का जो स्वरूप उन्होंने देखा था, वह अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। पार्टी के सचिव कामरेड प्रभात कुमार तिवारी ने कहा कि भगतसिंह अपने क्रांतिकारी विचारों तथा आजादी के आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान के कारण आज भी युवाओं के आदर्श बने हुए हैं। उनका स्वप्न मरा नहीं है। कामरेड विश्राम देवागंन व कार्यक्रम अध्यक्ष अनीस अहमद ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में कामरेड श्रीमती कौशिक, अजय चंद्रकार, धनेश, प्रसन्न कुमार एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

### बस स्टैंड के पंचरत्न प्याऊ की सुध लेने वाला कोई नहीं

# नहीं थमी पानी की बर्बादी, नालों में बह गया 20 हजार लीटर अमृत

## मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने दिया था आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

जल संरक्षण को लेकर प्रशासन की संवेदनहीनता चरम पर है। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने 10 दिन पहले आश्वासन दिया था कि इंजीनियर भेजकर तत्काल सुधार कराया जाएगा। लेकिन अफसोस, 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है और पंचरत्न शीतल पेयजल केंद्र से पानी का रिसाव अनवरत जारी है।

आंकड़ों पर गौर करें तो स्थिति डरावनी है। जानकारों के मुताबिक, यहां प्रति 24 घंटे में लगभग 2000 लीटर पानी व्यर्थ बहकर नाली में जा रहा है। इसका सीधा मतलब यह है कि अधिकारी के आश्वासन के इन 10 दिनों के भीतर ही लगभग 20,000 लीटर साफ पीने योग्य पानी नाले की गंदगी में मिल चुका है। यह वह पानी है जिससे भीषण गर्मी में दर्जनों परिवारों की प्यास बुझाई जा सकती थी।

#### गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ेगी किल्लत

वर्तमान में पारा तेजी से बढ़ रहा है और भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। ऐसे समय में प्रशासन का एक-एक बूंद पानी बचाना प्राथमिकता होनी चाहिए थी, लेकिन गंडई में अधिकारी केवल आश्वासन का खेल खेल रहे हैं। यदि अगले कुछ दिनों में इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले महीनों में नगरवासियों को बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि करनी पड़ेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।



#### सुधार करवाया जाएगा

कर्मचारी भेज कर दिखाया हूं, तो पता चला कि जब शुलभ शौचालय का बोर चालू होता है तो पंचरत्न की पानी टंकी भर जाता है। जिसके कारण पानी ओवर फ्लो होकर बहता है। एक बार और दिखवा लेता हूं। अगर कही पर लीकेज होगा तो सुधार करवाया जाएगा। - **अविनाश देवांगन,** मुख्य नगर पंचायत अधिकारी गंडई

#### बस स्टैंड में आंखों के सामने बर्बादी

हैरानी की बात यह है कि यह रिसाव किसी सुनसान इलाके में नहीं, बल्कि नगर के सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड क्षेत्र में हो रहा है। यहां से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं और जिम्मेदार अधिकारियों का भी यहां आना-जाना लगा रहता है। इसके बावजूद महीनों से टपक रही टंकियों को ठीक करवाना या उनकी मरम्मत की ओर ध्यान न देना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। क्या प्रशासन को केवल कागजी आंकड़ों में ही जल संरक्षण करना आता है?

---

### महापौर मधुसूदन का सम्मान

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव के भागीरथी प्रयासों से रिद्धी-सिद्धी फेस-2 प्लांट एरिया में नल कनेक्शन के लिए पाईप लाइन विस्तार का कार्य पूर्ण हो गया है। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों द्वारा महापौर का लड्डुओं से तौलकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

महापौर श्री यादव ने कॉलोनीवासियों से स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील करते कहा कि सभी की सहभागिता से ही शहर को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाया जा सकता है। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को और मजबूत करने हेतु ओवरहेड टंकी निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान चयनित करने के निर्देश पार्षद दुरेंद्र साहू को दिए।

महापौर ने विकास कार्यों में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह का विशेष आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद दुरेंद्र साहू ने वार्डवासियों की ओर से भरोसा दिलाया कि स्वच्छता रैंकिंग में राजनांदगांव को अग्रणी स्थान दिलाने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में पार्षद सेवक उइके, फेस-2 अध्यक्ष दौलत साहू, मनोहर साहू, शंकर ज्ञानचंदानी, फेस-3 अध्यक्ष नरेश साहू आदि उपस्थित थे।

---

## जिले में 30 अप्रैल तक किया जाएगा पशुओं का टीकाकरण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएच एण्ड डीसीपी) अंतर्गत खुरहा-चपका (एफएमडी) संक्रामक बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में निःशुल्क टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में खुरहा-चपका रोग के नियंत्रण हेतु टीकाकरण के सातवें चरण में 15 मार्च से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी ग्रामों में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने बताया कि पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के लगभग 3 लाख 5 हजार गौवंश एवं भैंस वंशीय पशुओं को रोग-प्रतिरोधक टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खुरहा-चपका रोग मुख्यतः गाय-भैंस जैसे खुर वाले पशुओं में होने वाला संक्रामक रोग है। इस रोग से ग्रसित पशुओं में तेज बुखार आना, मुंह, जीभ, होंठ एवं मसूड़ों में छाले या फफोले तथा खुरों के बीच फफोले या घाव होने से पशु लंगड़ाकर चलता है। इसके साथ ही मुंह से अधिक लार गिरना, खाने-पीने में परेशानी, दूध उत्पादन में अचानक कमी, थन या स्तनों पर फफोले, कमजोरी व सुस्ती शामिल है। इस रोग से छोटे बछड़ों की मृत्यु भी हो जाती है। पशु में खुरहा-चपका रोग के लक्षण दिखने पर पशुपालकों को बीमारी पशु को तत्काल अन्य पशुओं से अलग रखें, नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करें, साफ-सफाई बनाए रखें एवं कीटाणुनाशक का प्रयोग करें तथा समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अनूप चटर्जी ने पशुपालकों को पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने तथा विभागीय कर्मचारियों का भारत पशुधन एप में पंजीयन कराने में सहयोग करने की अपील की है।

---

## निर्माणाधीन नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज ग्राम खजरी और बोटेपार में निर्माणाधीन पक्की नहर लाईनिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने नहर लाइनिंग की कुल लंबाई, निर्माण गुणवत्ता, कार्य की गति तथा डेम की उपलब्ध क्षमता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे आगामी सीजन में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पक्की नहर लाइनिंग कार्य से किसानों को पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का स्थायी लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने नहर किनारे उपस्थित किसानों से सीधे संवाद कर नहर लाइनिंग कार्य से मिलने वाले लाभ और गांव की समस्याओं की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि पक्की नहर लाइनिंग बनने से पानी का रिसाव कम होगा, सिंचाई सुचारू रूप से खेतों तक पहुंचेगी तथा उत्पादन में वृद्धि की संभावना बढ़ेगी।

#### योजना की दी जानकारी

कलेक्टर ने किसानों को प्रधानमंत्री आशा योजना के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। जिससे किसानों को बेहतर आय प्राप्त होगी। उन्होंने किसानों को दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार के लिए प्रेरित किया तथा समय पर पंजीयन कराने कहा। इस अवसर पर ग्राम बोटेपार के किसानों ने सीसी रोड एवं नाली निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने उनकी मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते संबंधित विभाग को सीसी रोड एवं नाली निर्माण का स्टीमेट तैयार कर बारिश के पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि गांव में आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं का समाधान हो सके। कलेक्टर ने किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते सिंचाई संबंधी सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ तथा पारदर्शिता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे रबी एवं खरीफ सीजन के लिए किसानों को पर्याप्त सिंचाई उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एनके रामटेके, एसडीओ सुयश यद्धु, उप अभियंता सहित किसान उपस्थित थे।

---

## फर्जी इलाज का खुलासा, संचालक पर जुर्माना

### जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 20 हजार का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

बिना डिग्री के एलोपैथी उपचार करने के मामले में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर श्री राम कृपा हॉस्पिटल एवं पैथोलॉजी के संचालक महेश कुमार तिवारी को 20 हजार पर अर्थदंड लगाया गया है।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग एवं थाना में कीर्ति डकहा द्वारा की गई शिकायत के आधार पर की गई है। श्रीमती डकहा ने अपनी शिकायत में बताया था कि महेश तिवारी ने डिग्री नहीं होने के बाद भी उनका इलाज किया और लगभग छह माह तक दवाइयां दीं। इस दौरान बिना जांच के उपचार करने से उनकी स्थिति गंभीर हो गई तथा बाद में कैंसर संक्रमण होने का दावा भी किया गया। मामले की जांच जिला स्तरीय समिति ने की थी जिसमें पाया गया कि अस्पताल को बिना मान्यता के संचालित कर उपचार एवं सोनोग्राफी किया जा रहा था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि संबंधित व्यक्ति छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत नहीं है, जबकि क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट संचालन के लिए पंजीयन अनिवार्य है।



#### नर्सिंग एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

एमएचओ ने छग नर्सिंग होम एक्ट 2010 एवं नियम 2013 के तहत कार्रवाई करते हुए 20 हजार का जुर्माना लगाया है। कथित डाक्टर को निर्धारित राशि शीघ्र जमा करने के निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि किर्ती डकहा उक्त डॉक्टर के इलाज बाद जीवन और मौत से संघर्ष कर रही है। उपचार में करीब 10 लाख खर्च उसका परिवार बर्बाद हो गया है। शिकायतकर्ता ने अस्पताल को बंद करने की मांग किया है ताकि अन्य मरीज के जीवन से खिलवाड़ न हो।

---

## कॉलेज में हुनर हाट और आनंद मेला



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 13 मार्च को हुनर हाट एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि इंजी. शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, आशा बारेवर और प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने रिबन काटकर किया।

मेला में छात्राओं ने आत्मनिर्भरता और उद्यमिता का परिचय दिया। राजनीति विभाग ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन, अर्थशास्त्र विभाग ने कोल्डड्रिंक और पापड़ी चाट, रसायन शास्त्र विभाग ने प्लास्टिक समान से सजावट की सामग्री और बाम एवं बाल न झड़ने वाला सिरम प्रस्तुत किया। होम साइंस विभाग ने मिलेट आधारित व्यंजन का स्टॉल सजाया।

एनएसएस की छात्राओं ने डेकोरेटिव दी और मिट्टी के मटके का स्टॉल लगाया। प्राणीशास्त्र विभाग ने नींबू शरबत और मिट्टी के घड़ों से बने उत्पाद, बॉटनी विभाग ने मशरूम और औषधीय पौधों का स्टॉल प्रदर्शित किया। भूगोल विभाग ने बचे कपड़ों से बने ओले और भेल का स्टॉल सजाया। भौतिकी विभाग ने एआई द्वारा फोटो जनरेटिंग, गणित विभाग ने गणितीय गेम्स, मनोविज्ञान विभाग ने मनोवैज्ञानिक टेस्ट आयोजित किए। समाजशास्त्र विभाग ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन और हस्तनिर्मित आभूषण, योग विभाग ने लो कैलोरी पुलाव और हेल्दी सैंडविच का स्टॉल लगाया।

---

### विज्ञान के छात्रों ने पाया नवाचार का दृष्टिकोण

# कमला कॉलेज में सात दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव




रूसा 2.0 के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव में 9 से 14 मार्च तक सात दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम फॉर साइंस फैकल्टीज का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। जिसमें संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

रसायनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष नंदिनी चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सात दिवसीय कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण के साथ-साथ अन्य महाविद्यालयों से भी अनेक प्राध्यापक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न विषयों पर आयोजित व्याख्यानों को सुनकर महत्वपूर्ण ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त किया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 9 मार्च को प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया समेत प्राध्यापकगण एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। मुख्य वक्ता नोडल अधिकारी डॉ. मोहन एल. वर्मा ने अपने व्याख्यान में कम्प्यूटर आधारित प्रयोग, डिजिटल सिमुलाइजेशन और मॉडलिंग तकनीकी के माध्यम से विज्ञान सामग्री एवं नैनो-तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार के लिए प्रशिक्षित किया।




कार्यक्रम में डॉ. मोहन एल. वर्मा, नंदिनी चंद्रवंशी, डॉ. सुरेश कुमार पटेल, आलोक कुमार जोशी एवं तारा ठाकुर रहे। आयोजन समिति में अमरनाथ निषाद, लेखा प्रसाद उर्वशा, शिवेन्द्र कुमार, चंदन साहू, डॉ. चेतना गुप्ता, शीला राहा, शैलजा तिवारी तथा सानंवी पंजवानी ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया।

#### आधुनिक शिक्षा में तकनीकी कौशल के महत्व पर डाला प्रकाश

दूसरे दिन मुख्य वक्ता डॉ. अंजली अवधिया ने क्वांटम फिजिक्स की आधुनिक शिक्षा में तकनीकी कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में डॉ. मोहन एल. वर्मा द्वारा क्वांटम मैकेनिक्स विषय पर व्याख्यान दिया। तीसरे दिन विशेष व्याख्यान के लिए डॉ. अश्विन कुमार शर्मा को आमंत्रित किया गया। उन्होंने आयोनाइजेशन एनर्जी, पीरियॉडिक टेबल, इलेक्ट्रान एफिनिटी, केमिकल बिहेवियर, केमिकल बांडिंग विषयों को विस्तार से समझाया। तत्पश्चात विशेष व्याख्यान के लिए डॉ. कुसुमांजलि देशमुख ने अपने व्याख्यान में नीड ऑफ सिमुलेशन, मॉडर्न नैनो मटेरियल टेक्नोलॉजी, मेकिंग थिन फिल्म, ग्रीन सिंथेसिस के बारे में ज्ञानवर्धक बातें बताई। चौथे दिवस मुख्य वक्ता डॉ. हेनू कुमार वर्मा ने रिसर्च पेपर बनाना, रिसर्च आइडिया फॉर लिमिटेड फैसेलिट्सि और रिसर्च से जुड़ी कई जानकारी दी। पांचवें दिवस मुख्य वक्ता डॉ. शुभ्रा मिश्रा ने अपने व्याख्यान में बौद्धिक संपदा के महत्व, शोध, नवाचार पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर मुख्य वक्ता डॉ. मोहन एल. वर्मा ने रिसर्च पेपर लिखते समय क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए तथा एआई टुल्स का उपयोग किस प्रकार किया जाना चाहिए, इस बारे में हमें विस्तृत जानकारी दी।

---

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**राजनांदगांव।** भाजपा केन्द्र में बैठी मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए व्यापार प्रकोष्ठ, आर्थिक प्रकोष्ठ और उद्योग प्रकोष्ठ के गठन के साथ पूरी मुस्तैदी और गंभीरता से जुट चुकी है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से व्यापार प्रकोष्ठ की घोषणा की गई। जिसके अंतर्गत जिला संयोजक राजकुमार बाफना को बनाया गया है। सह-संयोजक के रूप में अरूण डुलानी एवं देवव्रत गौतम बनाए गए हैं।

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार भाजपा व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती है। व्यापारियों के सुख-दुख में भाजपा संवेदनशीलता के साथ खड़ी रहती है। यही कारण है कि व्यापारियों का एक बड़ा वर्ग भी भाजपा के साथ जुड़ा रहता है। व्यापार जगत से जुड़े राजकुमार बाफना और अरुण डुलानी तथा देवव्रत गौतम व्यापारियो की सेवा में जुटे रहते हैं। सभी ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी तथा डिकेश साहू का आभार भी जताया है।

#### घोषणा में भी नांदगांव का विशेष स्थान

रायपुर से जारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव की सहमति से जारी की गई। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, आलोक बिंदल, राजा माखीजा, उत्तम गीड़िया, सुषमा कोठारी, रामकुमार गुप्ता, सागर गोलछा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता को कार्य समिति में विशेष स्थान दिया गया है। उसके साथ ही प्रदेश कार्यालय सह-प्रभारी के रूप में राजेश गुप्ता अग्रहरि को भी स्थान दिया गया है।

## सार समाचार

### श्री बालाजी हनुमान मंदिर से निकलेगी प्रभातफेरी

**राजनांदगांव।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल को शहर के गंज चौक स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर से सुबह 6 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 1 अप्रैल की सुबह 9 बजे से श्री अखंड रामायण पाठ, 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 5 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, सुबह 6 बजे प्रभातफेरी, सुबह 8 बजे श्री बालाजी का जन्मोत्सव-दुग्धाभिषेक, सुबह 9 बजे श्रृंगार आरती, 10 बजे पूजन एवं हवन, दोपहर 12.30 से 3 बजे तक महाप्रसादी वितरण, शाम 4 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ, रात्रि 7.30 बजे महाआरती, रात्रि 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

### राम जानकी मंदिर में रामनवमी महोत्सव कल

**राजनांदगांव।** श्रीराम जानकी बाला बाबा मंदिर में 27 मार्च को रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गाप्रसाद तिवारी ने बताया कि परंपरा अनुसार प्रतिवर्ष राम-जानकी बाला बाबा मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार भी राम जन्मोत्सव 27 मार्च को नियत तिथि को मनाया जाएगा।

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि 27 मार्च को 11 बजे मंदिर का गर्भगृह का पर्दा कुछ समय के लिए बंद कर दी जाएगी। तत्पश्चात भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का 12 बजे कृत्रिम अवतरण कर भव्य रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री रामलला के जन्म पश्चात उत्साहपूर्वक पटाखा फोडा जाएगा। राम जन्मोत्सव पश्चात महाआरती कर पंजरी प्रसादी का भक्तों के मध्य बांटा जाएगा। राम जन्मोत्सव पर राम जानकी बाला बाबा मंदिर में 1008 दीपों से मंदिर को जगमग करते दीपोत्सव मनाया जाएगा।

### मां महामाई मंदिर में आज हवन

**राजनांदगांव।** स्थानीय सीटी कोतवाली के पीछे विगत 100 वर्ष प्राचीन मंदिर मां महामाई में चैत्र नवरात्र उत्सव में माई ज्योति कलश एवं श्रद्धालुओं की मनोकामना 184 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है।
पर्व के तहत पंचमी के दिन माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया। मध्य रात्रि में भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा, भगवान काल भैरव बाबा की विशेष आरती एवं ध्वजा चढाया गया। चैत्र नवरात्रि अष्टमी के दिन संध्या 7 बजे महाअष्टमी हवन पूजन किया जाएगा। रामनवमी में दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरूषोत्तम श्री रामचंद्र जी की आरती, कन्या भोज होगा एवं संध्या 6 बजे ज्योति विसर्जन शोभायात्रा मां महामाई मंदिर से रामाधीन मार्ग होते हुए इंदिरा सरोवर भरकापारा में ज्योति विसर्जित किया जाएगा। भंडारा प्रसादी वितरण 28 मार्च को संध्या साढे 7 बजे से मां महामाई मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। ज्ञात हो कि उक्त मंदिर में विगत 25 वर्षों से जर्मनी एवं मुम्बई, यवतमाल, गोंदिया, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, छिंदवाड़ा मप्र एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से भी श्रद्धालुजनों का ज्योति कलश स्थापना किया जा रहा है।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा प्रसादी वितरण

**राजनांदगांव।** सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त परिप्रेक्ष्य में जिला अध्यक्ष अजय रात्रे नेतृत्व एवं जिला महामंत्री करन कोसरे व प्रदेश महामंत्री गुलाब चंदेल, सह-सचिव राजकुमार मंडले एवं जिला संरक्षक उमेश टंडन के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर मां पाताल भैरवी मंदिर प्रांगण में निरंतर प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।




श्री रात्रे ने अपने विचार व्यक्त करते कहा कि युवा प्रकोष्ठ का यह आयोजन निःस्वार्थ भाव से जनमानस के कल्याण एवं सेवाभाव को समर्पित आयोजन है। जिसके लिए युवा साथी सदैव अपनी तत्परता का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर जनसेवा के कार्य प्रकोष्ठ द्वारा किए जाते रहेंगे। प्रसादी वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संजीव बंजारे, सागर बंजारे, मनीष चतुर्वेदी, रोहित मंडले, धर्मेंद्र भारती, दानी मंडले, पूरन जांगड़े, डोमेंद्र खरे, भूपेंद्र महिपाल व अन्य शामिल हुए।

### 1 अप्रैल से 4 जिलों में लागू होगा ई-ऑफिस सिस्टम

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने डिजिटल प्रशासन की



दिशा में एक बड़ा कदम उठाते "ई-ऑफिस प्रणाली" के लिए अनुकरणीय कदम बढ़ाया है। राजधानी रायपुर स्थित मुख्यालय में सफल क्रियान्वयन के बाद, अब 1 अप्रैल 2026 से राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सभी बिजली कार्यालयों में "ई-ऑफिस सिस्टम" पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा।
राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य फाइलों का त्वरित और पारदर्शी निराकरण करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर पर 10 नवंबर 2025 से ई-ऑफिस सफलतापूर्वक चल रहा है। अब इसे मैदानी स्तर पर ले जाया जा रहा है। इससे नोटशीट, आदेश, पत्र और परिपत्र जैसे सभी दस्तावेजों का निर्माण, अनुमोदन, प्रेषण और संधारण पूरी तरह से डिजिटल रूप से होगा। जिससे समय और कागज दोनों की बचत होगी।

### दो दिवसीय 62वां वार्षिक महाधिवेशन 28 से

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय 62वां वार्षिक महाअधिवेशन राजनांदगांव जोन के डोंगरगांव में 28 एवं 29 मार्च को जन सहयोग मैदान मिनी स्टेडियम डोंगरगांव में आयोजित है। राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रचार सचिव आदर्श राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 मार्च को सुबह 10 बजे महाराणा प्रताप ज्योति कलश रथयात्रा का स्वागत एवं ध्वजारोहण से अधिवेशन उद्घाटन 11.30 बजे, जिसमें दोपहर 12 से 3 के बीच केंद्रीय महिला मंडल द्वारा परिचय सम्मेलन, कैरियर काउंसलिंग एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होगी। दोपहर 3 बजे विशाल शोभायात्रा अधिवेशन स्थल से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी।

अधिवेशन के दूसरे दिवस 29 मार्च को सुबह 9 बजे रंगोली, मेहंदी, पुष्प सज्जा, आरती की थाल सजाओ कार्यक्रम आयोजित होंगे। अधिवेशन स्थल में एक दिवसीय दो जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति से दिवा लग्न में संपन्न होगा। अधिवेशन के मंचीय कार्यक्रम में खुला मंच महासचिव एवं कोषाध्यक्ष का वार्षिक प्रतिवेदन, प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा होगी। महासभा के प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि अगला 63वां वार्षिक महाअधिवेशन बिलासपुर जोन में होगा।

## समझाने का असर न होने पर प्रशासन ने दिखाए तेवर

# राशि मिलने के बाद भी पीएम आवास का निर्माण नहीं, 145 से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के बीएलसी के पात्र हितग्राही जिन्होंने किस्त की राशि लेने के उपरांत भी अपने आवास निर्माण कार्य को आगामी स्तर तक नही पहुंचाया है, उन पर अब प्रशासन देय राशि वसूलने की कार्रवाई कर रही है।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव में योजना अंतर्गत बीएलसी के तहत 7956 आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। उस स्वीकृति के विरूद्ध 7778 पूर्ण एवं 178 आवास अलग-अलग स्तर पर शहर के विभिन्न वार्डों में निर्माणाधीन है, इन्हीं निर्माणाधीन आवासों में से 145 आवास पिछले चार वर्षों से अपने निर्माण की गति को आगे नहीं बढ़ाने के कारण निकाय की प्रगति धूमिल भी हो रही है। राशि लेकर आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले हितग्राहियों पर अब प्रशासन ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।



### अंतिम अवसर



शासकीय राशि लोक कल्याण के लिए है ना कि व्यक्तिगत उपयोग हेतु होती है। यदि कोई व्यक्ति इसका गलत उपयोग करता है तो प्रशासन सख्त कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगी। नोटिस जारी कर सभी आवास निर्माण कार्य नहीं करने वाले को अंतिम अवसर दिया गया है।

**अतुल विश्वकर्मा, आयुक्त**

### नोटिस जारी, नीलाम होगी संपत्ति

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने विभागीय प्रक्रिया कराकर आवास निर्माण की गति को आगे नहीं बढ़ाने वाले हितग्राहियों से राशि वसूलने या निर्माण काम मे गति लाने उन्हें नोटिस जारी कर तहसील कार्यालय में उपस्थित होने 145 हितग्राहियों से कहा गया, जिस पर 17 हितग्राही तहसील कार्यालय में उपस्थित हुए, जहां एसडीएम गौतमचंद पाटिल ने कल 24 मार्च को अपने कार्यालय में योजना का लाभ लेकर लापरवाही बरतने वाले, शासकीय धन का दुरूपयोग करने वाले 17 हितग्राहियों की विशेष पेशी ली और दो टूक शब्दों में उन्हें चेतावनी दी कि आवास निर्माण कार्य में गति लाएं या राशि निगम कोष में जमा करें। यदि राशि अन्य कार्यों में खर्च किया तो कड़ाई से वसूली की जाएगी और संपत्ति की नीलाम की जाएगी।

### समझाइश का असर नहीं

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि योजना का उद्देश्य निकाय के सभी गरीब जरूरतमंद परिवारों को उनकी स्वयं की भूमि पर पक्का आवास निर्माणा में सहयोग करना है। निकाय स्तर पर 145 ऐसे हितग्राही हैं, जो पिछले 2 से 3 वर्षों से आवास निर्माण कार्य को आगे नहीं बढ़ा रहे, ऐसे सभी हितग्राहियों को लगातार निकाय स्तर पर समझाईस एवं नोटिस दी गई, पर वे इस पर गंभीर नहीं थे। इस कारण अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से नोटिस प्रदान कर लापरवाही करने वाले हितग्राहियों पर यह कार्रवाई की गई।

### निजी कामों में कर दिया खर्च

पेशी के दौरान यह बात सामने आई कि बहुत से हितग्राहियों ने प्रथम किस्त की राशि प्राप्त तो कर ली, लेकिन अपने आवास निर्माण कार्य को आगे नहीं बढ़ाकर अन्य निजी कार्यों में खर्च कर दिया। एसडीएम ने इसे शासकीय राशि का दुरूपयोग मानते सख्त निर्देश दिए हैं कि 10 अप्रैल तक अगर आवास निर्माण स्तर आगे नहीं बढ़ाते तो इनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात पेशी के दौरान संबंधित हितग्राहियों से की गई।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने का आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे मोबाइल बरामद कर कार्रवाई की गई है।

छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अरूण टिकरीपारा का मोबाइल व्हाट्सअप के माध्यम से ऑनलाइन जुआ-सट्टा खेल रहा है। सूचना पर अरूण मोहबे के घर टिकरीपारा छुईखदान में पहुंचकर चारो तरफ से घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी नागेश मोहबे उर्फ अरूण 20 साल के कब्जे से एक नग एड्रॉईड मोबाइल रेडमी 9 आई कंपनी का पुरानी इस्तेमाली कीमती करीबन 3000 रुपए एवं मोबाइल में सट्टा-पट्टी के अंकों का रुपयों का लेनदेन का मोबाइल व्हाट्सअप मैसेज का स्क्रीन शॉट 69 प्रति जब्त कर आरोपी नागेश मोहबे उर्फ अरूण के विरूद्ध धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई किया गया।

### नदी में डूबे बालक का मिला शव

**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी में दोस्तों के साथ मंगलवार को पनेका बाकल स्थित शिवनाथ नदी तट पर नहाने गया बालक डूब गया था। जिसकी तलाश गोताखोरों द्वारा की जा रही थी। काफी मशक्कत बाद आज सुबह शव बरामद किया गया।

### करों का भुगतान कर कुर्की से बचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर शत-प्रतिशत वसूली के लिए नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कड़ा रूख अपनाते लंबे समय से करों का भुगतान नहीं करने वाले 1 लाख रुपए से ऊपर के बड़े बकायेदारों की सूची जारी कर नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 173 के अंतर्गत बिल प्रेषित करने के निर्देश दिए थे।

निर्देश के परिपालन में राजस्व विभाग द्वारा धारा 173 के तहत बिल प्रेषित किया गया, किन्तु करदाताओं द्वारा करों का भुगतान नहीं करने पर 15 दिवस उपरांत अधिनियम की धारा 174 के अधीन मांग की सूचना पत्र 61 करदाताओं को प्रेषित किया गया। जिनके द्वारा बकाया करों का भुगतान नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में भी इन्हें अनेक बार करो का भुगतान करने समझाईस देने के साथ-साथ पत्र भी दिया गया था।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि बकाया करों का भुगतान न करने वाले बड़े बकायेदारों की कुर्की के लिए सूची जारी की जा रही है।

# निगम की दुकानों के जीर्णोद्धार के लिए महापौर ने ली दुकानदारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम के आय में वृद्धि के लिए निगम द्वारा विभिन्न स्थानों पर व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। कुछ व्यवसायिक परिसर पुराना होने के कारण जर्जर स्थिति में आ गई है। पुरानी व्यवसायिक परिसरों में जीई रोड में निर्मित 38 दुकानें तथा कस्तूरबा महिला मंडल रोड में निर्मित 18 दुकानें भी जर्जर हो रही है। जिसके जीर्णोद्धार के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में दुकानदारों की बैठक आहुत की।

बैठक में महापौर श्री यादव ने दुकानदारों से कहा कि निगम स्वामित्व की जीई रोड एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड में निर्मित दुकानें 25 वर्ष से अधिक होने के कारण जर्जर स्थिति में आ गई है। जिसका जीर्णोद्धार किया जाना है। उक्त दुकान को तोड़कर पुनः निर्माण कर आबंटित दुकानदारों को व्यवस्थापित करने चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि चूंकि उक्त दुकानें जीई रोड से लगी हुई है और पार्किंग के लिए स्थल नहीं है, जिसे भी ध्यान में रखकर दुकानें निगम परिसर में पीछे से निर्माण कर आगे पार्किंग बनाया जाएगा। इस संबंध में ड्राईग डिजाईन तैयार कर लागत राशि में दुकान दिए जाने अवगत कराया गया।



### दुकानों की लीज की अवधि समाप्त

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में जानकारी दी कि दुकानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। दुकानें जर्जर होने के कारण पुनः निर्माण करने लीज अवधि में वृद्धि नहीं की गई है। दुकानों का किराया नियमानुसार लिया जा रहा है। जीर्णोद्धार उपरांत नियमानुसार लीज अवधि में वृद्धि की जाएगी। महापौर की मंशानुरूप दुकान का जीर्णोद्धार करने एवं आबंटितों को लाभ देने चर्चा करने बैठक बुलाई गई है। दुकानदारों द्वारा अपनी सहमति दी गई तथा दुकान निर्माण में होने वाली लागत राशि, उसका स्वरूप, डिजाईन, नियम शर्तें तैयार कर पुनः बैठक बुलाने अनुरोध किया गया।

### सहमति अनुसार होगा कार्य

महापौर श्री यादव ने दुकानदारों के साथ स्थल निरीक्षण कर प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम एवं राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी को निर्देशित किया कि वास्तुविद को बुलाकर ड्राईंग डिजाईन तथा लागत राशि आदि तैयार करें। उन्होंने कहा कि ड्राईंग डिजाईन तैयार होने के पश्चात पुनः दुकानदारों की बैठक बुलाकर उन्हें अवगत कराकर सहमति अनुसार कार्य किया जाएगा। बैठक में जीई रोड एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड के दुकानदार उपस्थित थे।

### बजरंगपुर नवागांव में साहू समाज का आयोजन 28 को

**राजनांदगांव।** बजरंगपुर नवागांव में नगर इकाई साहू समाज द्वारा 28 मार्च को कलश शोभायात्रा एवं 29 मार्च को मां कर्मा मूर्ति स्थापना व कर्मा जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसदन यादव एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमलकिशोर साहू, हुमन साहू, नीलमणि साहू, परस वर्मा, सावन वर्मा, संतोष पिल्ले, शेखर साहू, राजेश साहू, राहुल चौबे सहित अन्य शामिल रहेंगे। मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी में समाज के लोग जुटे हुए हैं।

### शेयर में पांच फीसदी प्राफिट का लालच, अजाक थाना में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

हर माह पांच फीसदी ब्याज दिए जाने के नाम पर अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों ने एसपी और अजाक थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार खेमचंद साहू ने 24 लाख रुपए लगाया है। वहीं संध्या साहू ने 8 लाख व गिरिश कुमार साहू ने 7 लाख रुपए लगाया है। इन तीनों ने एसपी से 26 फरवरी को लिखित शिकायत की है। पीड़ितों ने लिखा है कि जिसमें उन्होंने आरोपी अमित लिल्हारे के खिलाफ एफआईआर करने की मांग की है।

### आज निकलेगी भव्य खप्पर यात्रा

**राजनांदगांव।** कल 26 मार्च महाअष्टमी अवसर पर खैरा राजनांदगांव से भव्य खप्पर यात्रा निकलेगी। कल 26 मार्च को महाअष्टमी के दिन नव कन्या पूजन, अष्टमी हवन, प्रसादी भंडार पश्चात महाअष्टमी के दिन भव्य खप्पर यात्रा मंदिर परिसर खैरा से परंपरानुसार यात्रा मां भैरवी धाम तांत्रोक्त शक्ति पीठ से रात्रि 12 बजे से प्रारंभ होकर खैरा बस्ती, रवेली, कन्हारपुरी होते हुए गुरू मां सुमिरन मांई निवास जनता कॉलोनी तक पहुंचेगा। उक्त जानकारी मां भैरवी धाम जनकल्याण समिति खैरा के प्रवक्ता सुदर्शन दास मानिकपुरी द्वारा दी गई।

### भंडारा आज

**राजनांदगांव।** शहर के सिद्ध शक्तिपीठ मां पाताल भैरवी मंदिर के समीप पीटीएस के सामने इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि के अवसर पर कल गुरुवार की सुबह 9 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से भंडारा प्रसादी ग्रहण करने अपील की गई है।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** बाल संप्रेक्षण गृह राजनांदगांव में 21 मार्च को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन अमित जिन्दल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव व निलेश जगदल्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव ने किया।

अमित जिंदल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 65 (1) के तहत 16 वर्ष से कम आयु की महिला के साथ बलात्कार होने पर आजीवन कारावास। जिसका अर्थ व्यक्ति के शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक होगा और जुर्माने का दंड दिया जा सकता है। निलेश जगदल्ला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव ने बताया कि बाल विवाह करना गैर कानूनी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 3 के अनुसार पक्षकार यदि चाहे तो बाल विवाह को शून्य घोषित करा सकते हैं, परंतु बाल विवाह के लिए यदि किसी बच्चे को



उसके माता-पिता के पास से ले जाया जाता है या अवैध साधनों द्वारा ले जाया जाता है या उसे बेचा जाता है तो धारा 12 के अनुसार ऐसा बाल विवाह शून्य होगा तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा 9 के अनुसार बाल विवाह करने वाले पुरूष को दो वर्ष के कारावास या एक लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकता है तथा बाल विवाह कराने वाला या उसका अनुष्ठान कराने वाले व्यक्ति को भी दो वर्ष के कारावास या एक लाख रुपए जुर्माना या दोनों हो सकता है।


दैनिक हरिभूमि अखबार बांटने के अलावा अखबार से जुड़े अन्य कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है।

(स्थानीय लोगों को प्राथमिकता)

सिविल लाइन, कंडरापारा लाइन, नीचे मंदिर लाइन, कालका पारा लाइन, दंतेश्वरी मंदिर लाइन, रेलवे कॉलोनी, केदार बड़ी लाइन में अखबार बांटने के लिए स्थानीय लड़कों की आवश्यकता है।

- संपर्क करें -
हरिभूमि कार्यालय
जय स्तंभ चौक, डोंगरगढ़
संवाददाता प्रकाश अग्रवाल, मो. 9300963883


## आयोजन को भव्य बनाने बैठक में निर्णय

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



प्रदेश में सर्वप्रथम हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा प्रारंभ करने वाली समिति हनुमान जयंती आयोजन समिति (पेटी ग्रुप) जयस्तंभ चौक की बैठक 17 मार्च को ममता नगर के मंगल भवन में हुई। बैठक में इस बार 14वें वर्ष आयोजन को भव्यता से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

### अखाड़ा सहित होगी अन्य प्रस्तुतियां

आयोजन समिति के झम्मन देवांगन ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में अखाड़ा प्रदर्शन, आदिवासी नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नृत्य, सुआ गेढी, धुमाल, डीजे, बैंड पार्टी, भजन और रामदर्शन व हनुमानजी की जीवंत झांकियां विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र रहेगी। नगर के नागरिकों, विभिन्न संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजन में शामिल होने व सेवा पंडाल लगाने की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र यादव गुरूजी ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा इस वर्ष एक दिन पहले 1 अप्रैल को शाम 4 बजे म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड से नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। जिसमें सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

इस अवसर पर श्रीकिशन खंडेलवाल, नीलू शर्मा, अशोक चौधरी, रमेश डाकलिया, संतोष पिल्ले, किशुन यदु, नन्दू साहू, आनंद वर्गीस, डॉ. आफताब आलम, अनुप श्रीवास, सुरेंद्र, हेमंत, राजू वैष्णव, शीतल साहू, विक्की, प्रकाश, प्रवीण, भानू, जयनारायण, लालेन्द्र, बहादुर, नवीन, मनोज, ईश्वर, विजय, डामन, भगवती, डीडी, सतीश, तरूण, बंटी, रितेश, पूनाराम यादव, धर्मेंद्र, चेतन, चंदन, अज्जू, मिलिंद, शैलेन्द्र, आदित्य, संजय, अरूण, पंकज, अशोक, लोकेश, दिनेश, अशुतोष, दुलार, रितेश, मुरली, सौरभ, वशिष्ठ, धनेश, भीष्म, स्वप्निल, देवेन्द्र, तीरथ, योगेश, पूनम, तिलक, तेज, परमानंद, दशरथ, ऋषि, ऋषभ, प्रताप, कामदेव, महेश, बिजेलाल, महेंद्र, धर्मेंद्र आदि मौजद थे।




### उपमुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन और लोकार्पण

# विजय शर्मा ने नगर पंचायत बोड़ला को 6 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर पंचायत बोड़ला को विकास की नई दिशा देते हुए 6 करोड़ रुपए से अधिक से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की बड़ी सौगात दी। स्थानीय हॉकी खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन पहुंचकर कार्यों का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को सुविधाओं से सुसज्जित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं के विस्तार, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक विकास को गति देने के उद्देश्य से किए जा रहे ये कार्य क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि यह सौगात बोड़ला के आने वाले वर्षों को विकास की दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पंचायत बोड़ला के अध्यक्ष विजय पाटिल, नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नगर पंचायत लव निर्मलकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, नन्द श्रीवास, मोहन धुर्वे, राम किंकर वर्मा, एम.डी. ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बोड़ला नगर में अब बांध से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जहां पानी फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्ध होकर घर-घर तक पहुंचेगा। उन्होंने इसे नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही महत्वपूर्ण मांग की पूर्ति बताया और कहा कि ग्रेविटी आधारित यह जल व्यवस्था न केवल सुविधाजनक है, बल्कि टिकाऊ और प्रभावी भी है। पेयजल की बेहतर व्यवस्था और नगर को उन्नत बनाना शासन की प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में कभी नक्सली जंगलों में बंदूक लेकर घूमते थे, लेकिन अब नक्सल पुनर्वास नीति के तहत वे मुख्यधारा में लौट रहे हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग पहले हिंसा के रास्ते पर थे, वे आज लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के लिए विधानसभा तक पहुंच रहे हैं और वहां की कार्यवाही देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद समाप्त करने के संकल्प को प्रदेश में मजबूती से लागू किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस दिशा में कार्य करने के लिए पूरी स्वतंत्रता दी है। उन्होंने बताया कि अब तक 600 से अधिक पुनर्वासित नक्सली विधानसभा का भ्रमण कर चुके हैं और लोकतंत्र की प्रक्रिया को करीब से समझ रहे हैं, जबकि ढाई हजार से अधिक नक्सली पुनर्वास योजना के तहत मुख्यधारा में लौट चुके हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली बार बाहरी व्यक्ति की पहचान के लिए सुनियोजित प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत प्रत्येक जिले में टास्क फोर्स का गठन किया गया और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया। उन्होंने बताया कि प्राप्त सूचनाओं के आधार पर बाहरी व्यक्ति का चिन्हांकन कर उनकी पहचान सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

#### 5.12 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने नगर पंचायत बोड़ला में 512.56 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। इनमें वार्ड क्रमांक 02 में 146.83 लाख रुपए की लागत से उन्नत (हॉकी) खेल मैदान निर्माण प्रमुख है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 10 में विवेकानंद तालाब से निकासी नाला तक 48.95 लाख रुपए की आरसीसी नाली एवं कांस कल्वर्ट निर्माण, 28.53 लाख रुपए की लागत से शौचालय निर्माण, 6.00 लाख रुपए से सामुदायिक भवन के पास प्रवेश द्वार निर्माण तथा 18.20 लाख रुपए से सामुदायिक भवन का अतिरिक्त निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य शामिल हैं। इसी क्रम में 97.42 लाख रुपए से राष्ट्रीय राजमार्ग दुर्ग मंदिर से स्टेडियम तक सी.सी. रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण, 13.80 लाख रुपए से ओवरहेड टैंक निर्माण, 4.62 लाख रुपए से शेड निर्माण, 8.90 लाख रुपए से पेवर ब्लॉक (फुटपाथ) निर्माण, 6.40 लाख रुपए से विवेकानंद तालाब के पास हॉल निर्माण, 9.27 लाख रुपए से हाई मास्ट लाइट स्थापना, 72.74 लाख रुपए से एनएच - 30 पुलिया से विवेकानंद सरोवर तक नाली एवं रोड चैड़ीकरण, 46.90 लाख रुपए से बाउंड्रीवाल निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 06 में 4.00 लाख रुपए से चैक निर्माण कार्य शामिल हैं।

#### 90 लाख रुपए से अधिक के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

विजय शर्मा ने इस अवसर पर 90 लाख रुपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इसके अंतर्गत 73.44 लाख रुपए से निर्मित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्वसुविधायुक्त भवन का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 10.00 लाख रुपए की लागत से यादव समाज के पास निर्मित सामुदायिक भवन तथा 6.50 लाख रुपए से वार्ड क्रमांक 14 में साहू समाज के पास पानी टंकी के समीप निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया। इन कार्यों के पूर्ण होने से नगर पंचायत बोड़ला में नागरिकों को बेहतर आधारभूत एवं सामुदायिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# अवैध उत्पादन पर बड़ी कार्रवाई: बिल्स वॉटर ड्रिंको से 2016 बोतलें सीज

- बिना वैध लाइसेंस, पंजीयन के उत्पादन या विक्रय करने पर होगी कठोर कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित पानी प्लांट्स पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बिल्स वॉटर ड्रिंको मिनीमाता चैक, कवर्धा में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। प्रतिष्ठान द्वारा गलत लाइसेंस एवं गलत पते से उत्पादन किया जा रहा था, जिस पर तत्काल कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 1728 बोतल बिल्स पीकेडी वॉटर एवं 288 बोतल बिल्स पीकेडी ऑरेंज सोडा, कुल 2016 बोतलों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल चार विधिक नमूने भी संकलित किए गए, जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनिमय 11 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गर्मी के सीजन को देखते हुये वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती साधना चंद्राकर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी फणीभूषण जायसवाल के द्वारा जिले के अंतर्गत चल रहे पानी प्लांट्स बैरागी प्रोडक्ट्स वार्ड न. 9 कवर्धा से मन एक्वा पीकेडी वॉटर का एक विधिक



नमूना, निवान अमृत एक्वा रायपुर रोड, कवर्धा से 1 विधिक नमूना एवं बिल्स वॉटर ड्रिंको मिनीमाता चैक कवर्धा से दो विधिक नमूना बिल्स पीकेडी वॉटर एवं बिल्स पीकेडी ऑरेंज सोडा तीनो फर्मों से कुल कुल चार विधिक नमूना संकलन किया गया। जिन्हें गुणवत्ता जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। ताकि अच्छी गुणवत्ता की पैक्ड वाटर एवं पेय पदार्थ आमजनों को प्राप्त हो सके। विभाग द्वारा सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी गई है कि बिना वैध लाइसेंस, पंजीयन के उत्पादन या विक्रय करने पर इसी प्रकार कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# भाजपा के कुण्डा मंडल में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण में प्रेरणादायक संबोधन से उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

जिले के विभिन्न मंडलों में भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दिनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान वर्ग का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वही कुण्डा मण्डल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं सभापति जिला पंचायत कबीरधाम रामकुमार भट्ट ने शिरकत की और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा के अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के नेतृत्व में भाजपा मण्डल कुण्डा में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रवासी प्रशिक्षण प्रथम दिवस का कार्यक्रम सोमवार स्थानीय रुर्बन भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा रामकुमार भट्ट एवं जिला महामंत्री भाजपा एवं कार्यालय प्रभारी मुकेश ठाकुर के गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ प्रथम दिवस के वक्ता रामकुमार भट्ट ने वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं विकास के बारे विस्तृत रूप जाकारी साझा किया द्वितीय वक्ता के रूप में विदेशी राम धुर्वे ने वैचारिक अधिष्ठान के संदर्भ में जानकारी अवगत कराया कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर वक्ता छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता नवल किशोर पाण्डेय चंद्रकुमार सोनी जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी ने किया एवं कार्यक्रम के समापन में आभार व्यक्त ओम यदु ने किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी रामस्वरूप साहू सुरेश दुबे ओम यदु दिनेश मिश्रा शानू तिवारी हरेकृष्णा शुक्ला रामकुमार चंद्राकर विकास पाण्डेय जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा महेंद्र धृतलहरे जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा कृष्णा चंद्राकर महामंत्री मनहरण साहू सुमन गुप्ता अमन खनूजा ध्वजाराम चंद्राकर उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, गणेश यादव, संतोष ध्रुव भानुमती साहू सरिता वैष्णव संगीता निर्मलकर कपिल चंद्राकर पुरुषोत्तम निर्मलकर जिला भाजपा के पदाधिकारी एवं भाजपा मण्डल कुण्डा के पदाधिकारी व युवा मोर्चा महिला मोर्चा ओबीसी मोर्चा अजा मोर्चा अजजा मोर्चा अल्पसंख्या मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पंडरिया में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम रैली निकालकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

एमसीएच हॉस्पिटल एवं इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय पंडरिया के संयुक्त तत्वावधान में 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रैली निकाली गई तथा विद्यार्थियों द्वारा चार्ट-पोस्टर के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने टीबी के लक्षण, जांच और उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया गया कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जो खांसी-छींक के माध्यम से फैलता है, लेकिन इसका उपचार शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। विशेषज्ञों ने कहा कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, लगातार बुखार, वजन घटना, रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। मरीजों को खांसते समय मुंह ढंकने और स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों, महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- विश्व क्षय दिवस पर जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरे के निर्देशानुसार, जिला नोडल अधिकारी एनटीईपी डॉ. केशव धुरव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के निर्देशन तथा बीएमओ डॉ. विनोद चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 27 कवर्धा में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 69 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। राज्य से प्राप्त विशेष एआई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से जांच की गई, जिसमें 32 लोगों की रिपोर्ट संदिग्ध पाई गई, जिन्हें आगे की जांच हेतु सैंपल कंटेनर प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड पार्षद संजीव कुर्रे की उपस्थिति में किया गया। अभियान के अंतर्गत उच्च



जोखिम समूह जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह के मरीज, धूम्रपान एवं मद्यपान करने वाले, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्ति तथा पूर्व में टीबी से ग्रसित व्यक्तियों की एक्स-रे स्क्रीनिंग की जाएगी। अभियान के दौरान जिले के 236 ग्रामों को कवर किया जाएगा, जिसमें कवर्धा विकासखंड की लगभग 39,900, बोडला की 42,000, सहसपुर लोहारा की 25,900 तथा पंडरिया की 57,400 सहित कुल लगभग 1,65,200 जनसंख्या को शामिल किया जाएगा। शिविर के संचालन में कंसल्टेंट डॉ. मनीष मसीह, सीपीएम अंशुल, क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के मोहन राम साहू, निलेश टोण्डेकर, नितिन कुमार सोनी, भवानी ठाकुर, कृष्णा नागवंशी, एनजीओ से परमेश्वर यादव तथा एक्स-रे टेक्नीशियन तिजाऊ साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में भी जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा मितानिन प्रशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। जिले के सभी विकासखंडों में विश्व क्षय दिवस के अवसर पर विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकासखंड बोडला के खैरबनाखुर्द उपस्वास्थ्य केंद्र में स्कूल कार्यक्रम, जनआरोग्य बैठक तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। विकासखंड पंडरिया में रक्तदान शिविर, इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय कुंडा, एमसीएच अस्पताल पंडरिया, सीएचसी कुकदूर तथा विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार सहसपुर लोहारा विकासखंड में भी विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी के माध्यम से एक्स-रे जांच एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर टीबी उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

### बोड़ला में मेगा स्वास्थ्य शिविर बना जनसेवा, वनांचल से उमड़ी भीड़

# 150 गर्भवती महिलाओं सहित 300 महिलाओं को विशेष लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोडला

रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद, बोड़ला द्वारा हिन्दू संगम परिसर में बुधवार को एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस भव्य मेगा शिविर का शुभारंभ सभी डॉक्टरों व आयोजन समिति के सदस्यों ने मिलकर भारत माता व भगवान धन्वंतरी के तैल चित्र में दीपप्रज्वलित कर किया। इस मेगा शिविर में कुल 468 मरीजों ने लाभ उठाया, जिसमें विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि 300 महिलाओं को सीधे लाभ मिला, जिनमें 150 गर्भवती महिलाएं शामिल थीं। मातृशक्ति के स्वास्थ्य को केंद्र में रखकर किए गए इस प्रयास को क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है। प्रदेश के दिग्गज डॉक्टरों ने दी निःस्वार्थ सेवाएं शिविर में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कवर्धा के सुप्रसिद्ध व अनुभवी डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की । प्रमुख रूप से डॉ. डॉ विनोद तिवारी ऑर्थो सर्जन बिलासपुर डॉक्टर आशा जैन, डॉ नवनीत सिंह ठाकुर शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ सोनल शर्मा डॉ धीरज कुमार डॉक्टर शिवेश मानिकपुरी डॉ प्रेम कांत मिश्रा डॉक्टर जितेंद्र वर्मा डॉक्टर बलराम जयसवाल दो योगिता चंद्रवंशी डॉ प्रियंका सिंह परिहार दो पुरुषोत्तम सिंह राजपूत, संपत्ति,डॉ. शालिनी जैन अग्रवाल, डॉ. मानसी गुलाटी, डॉ. अपर्णा वर्मा, डॉ. प्रियंका पंडा सहित स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग, जनरल फिजिशियन एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच एवं परामर्श किया। डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों से आए मरीजों को गंभीरता से जांच कर उचित सलाह दी, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली ।

#### निःशुल्क जांचों का मिला व्यापक लाभ

शिविर में विभिन्न आधुनिक जांच सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया जैसे सोनोग्राफी – 80, एक्स-रे – 22, लैब जांच – 85, स्किन परीक्षण – 22, नेत्र परीक्षण– 50 जिसमें 33 मरीजों के आँखों में मोतियाबिंद चिन्हकित की गई। नाक कान गला के 40 मिरोजों की जांच कर इलाज की गई । क्षेत्र के विशेष कर महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 20 ऐसे मरीज महिलाओं पता चला जिनको हाई रिस्क जोन में रखा गया है । इन सभी सेवाओं को पूरी तरह निःशुल्क रखा गया, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को विशेष लाभ मिला।

#### क्षेत्रवासियों ने की सराहना समाज सेवा का उत्कृष्ठ उदाहरण

स्थानीय नागरिकों ने परिषद के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, जो वास्तव में समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

#### नर सेवा ही नारायण सेवा

रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद द्वारा पूर्व में आयोजित हिन्दू संगम और होली मिलन जैसे सफल आयोजनों के बाद यह स्वास्थ्य शिविर नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ है।

# कंझेटा स्कूल में 9वीं व 11वीं की वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में कक्षा 9वीं और 11वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षाएं 25 मार्च से प्रारंभ हो गई हैं। स्थानीय परीक्षा प्रभारी मोहन प्रसाद शर्मा एवं अर्जुन चंद्रवंशी के अनुसार कक्षा 9वीं में 87 तथा कक्षा 11वीं में 127 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें सभी छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा का समय दोपहर 1:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रश्न पत्र जिला कार्यालय से विद्यालय को प्राप्त हुए हैं। वहीं उत्तर



पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किए जाने की संभावना है। परीक्षा के दौरान गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही डिहाइड्रेशन से बचाव हेतु इलेक्ट्रॉल एवं ग्लूकोज पाउडर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा जिला कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार शांत एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संचालित की जा रही है। जिन शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड की केंद्रीय मूल्यांकन कार्य में नहीं लगी है, उन्हें स्थानीय परीक्षा में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षकों में प्रभाकर ताम्रकार, हेमंत कश्यप, सुश्री पूनम धुर्वे, नारायण बंजारे, निलेश कुंभकार एवं सुरेंद्र देवांगन शामिल हैं।



## खबर संक्षेप



### देवी-मंदिरों में चैत्र नवरात्रि में आस्था की ज्योति कलश जगमगा रही

**कोलेगांव।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में आस्था की ज्योति कलश जगमगा उठी है। विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, बसनी, मोहतराकला, पिपरमाटी, सेमरकोना, दामापुर एवं कुण्डा क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में मनोकामना जोत-जवारा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन शाम होते ही गांवों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। भक्तजन देवी माता के दर्शन कर अपने परिवार और गांव की सुख-शांति व समृद्धि के लिए विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय और शांतिपूर्ण वातावरण बना हुआ है। साथ ही साथ मां महामाया एवं शीतला मंदिरों में विशेष सजावट की गई है, जो आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंदिरों में पंडा एवं पुजारी द्वारा प्रतिदिन सुबह-शाम विधि पूर्वक पूजा-पाठ और आरती की जा रही है। वहीं रात्रि के समय भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय मंडलियों द्वारा जस गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी जा रही है। इन भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है और श्रद्धालु भी भक्ति रस में डूबकर आनंद ले रहे हैं। ग्रामवासियों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो रहा है। आयोजन को लेकर गांवों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है।

### मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी की गई है। प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडी, जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की सघन तैयारी कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। वर्ष 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है तथा आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 से 21 अप्रैल तक किया जा सकेगा। जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि 01 से 09 मई तक निर्धारित है तथा प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी।

## निधन

**हरिभूमि कवर्धा।** श्याम नगर निवासी सतीश कुमार गुप्ता (सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग) के पिता रामकृपाल गुप्ता 101 वर्षीय (सेवानिवृत्त अभियंता, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश) का बुधवार को प्रातः 7:30 बजे स्वर्गारोहण हो गया। वे पूर्ण चैतन्यता के साथ अपने इस जीवन की यात्रा पूर्ण कर, अपने पीछे बेटों, बहुओं एवं नाती-पोतों भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। उल्लेखनीय है कि स्व. रामकृपाल गुप्ता परिवारजनों, समाज को प्रेरणा देते हुए नेत्रों का दान किया, जिसकी सर्वत्र सराहना की जा रही है। नेत्रदान की प्रक्रिया शासकीय जिला चिकित्सालय कबीरधाम में कार्यरत डॉ क्षमा चोपड़ा एवं उनकी टीम द्वारा संपन्न कराई गई। उनकी अंतिम देह संस्कार कार्यक्रम में नगर एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



---

बस्तर की जल, जंगल व जमीन बस्तर के लोगों की है उसका संरक्षण एवं विकास में स्थानीय समुदाय की प्रमुख भूमिका होगी

# 31 मार्च तक सशस्त्र नक्सलवाद से होगी पूर्णतः मुक्ति विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बस्तर अब भय और हिंसा के अतीत से बाहर निकलकर शांति, विकास और संभावनाओं की नई दिशा में आगे बढ़ रहा। प्रेसवार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने दृढ़ विश्वास के साथ कहा कि राज्य सरकार, केंद्रीय एजेंसियों और सुरक्षा बलों के समन्वित एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ 31 मार्च 2026 तक सशस्त्र नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बस्तर और समूचे छत्तीसगढ़ के सामाजिक, आर्थिक और मानवीय पुनर्जागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नारायणपुर विधायक एवं मंत्री केदार कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव, डीजीपी अरुण देव गौतम, पुलिस महानिदेशक एंटी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद, नक्सल उन्मूलन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, एडीजी सीआरपीएफ, बस्तर कमिश्नर, आईजी सुंदरराज पी बीजापुर के पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों के अधिकारी उपस्थित थें। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अगस्त 2024 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित समय-सीमा के अनुरूप राज्य सरकार ने एक सुनियोजित रणनीति के तहत कार्य किया, जिसका सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से सामने आ रहा है। इसी क्रम में हाल ही में डीकेजेडसी स्तर के नक्सली पापा राव ने अपने साथियों एवं हथियारों सहित पुनर्वास कर मुख्यधारा में वापसी की है। यह घटना न केवल सुरक्षा दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि अब नक्सल संगठन का शीर्ष ढांचा भी कमजोर पड़ चुका है। उन्होंने कहा कि बस्तर के समाज ने भी खुले मन से इन पुनर्वासित लोगों को स्वीकार कर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### बस्तर का 95 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से बाहर



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर संभाग सहित कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद जैसे जिले जो कभी नक्सल प्रभाव से प्रभावित रहे थे, अब पूरी तरह इस समस्या से मुक्त हो चुके हैं। बस्तर का लगभग 95 प्रतिशत से अधिक भौगोलिक क्षेत्र अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुका है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सुरक्षा बलों के अद्वितीय साहस, रणनीतिक दक्षता और कठिन परिस्थितियों में निरंतर किए गए प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय और राज्य के सुरक्षा बलों के जवानों ने विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया है, जिसके लिए पूरा प्रदेश उनका ऋणी है। उन्होंने इस अभियान में समाज की सहभागिता को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हमारे बस्तर के पत्रकार साथियों द्वारा किए गए प्रयास, पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका तथा बस्तर के स्थानीय मुरिया, मारिया, गोंड और हलबा समाज के प्रमुखों का सहयोग इस अभियान की सफलता के प्रमुख आधार रहे हैं। इसके साथ ही पत्रकारों ने भी जनजागरण, संवाद और विश्वास निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों के कारण बड़ी संख्या में नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा को अपनाया, जिससे अनेक जिंदगियां बच सकीं और बस्तर को भय और रक्तपात के वातावरण से बाहर निकालने में सफलता मिली।

उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दो वर्षो में लगभग 3 हजार से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर पुनर्वास किया है, जिसमें सीसी मेंबर से लेकर विभिन्न स्तरों के कैडर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 2 हजार से अधिक नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है तथा लगभग 500 से अधिक नक्सली मुठभेड़ों में निष्प्रभावी न्यूट्रलाइज किए गए हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 5000 से अधिक सशस्त्र कैडर में कमी आई है, जो नक्सल संगठन की रीढ़ को कमजोर करने वाला निर्णायक कारक सिद्ध हुआ है। वर्तमान स्थिति में डीकेजेडसी स्तर का कोई सक्रिय माओवादी छत्तीसगढ़ में शेष नहीं है और केवल 30 से 40 की सीमित संख्या में नक्सली उत्तर एवं दक्षिण के दूरस्थ क्षेत्रों में बचे हैं, जिनके भी शीघ्र पुनर्वास करने की संभावना व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल सुरक्षा अभियानों का परिणाम नहीं, बल्कि विश्वास, संवाद और पुनर्वास नीति की सफलता का भी परिचायक है।

---

# बांधा-तालाब किनारे नाली निर्माण पर विवाद

- मोहल्लेवासियों ने रोक लगाने अनुविभागीय अधिकारी व नगर पालिका अधिकारी को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



नगर पालिका परिषद पंडरिया स्थित वार्ड क्रमांक 18 सियानबंद तालाब (बांधा-तालाब) के किनारे किए जा रहे नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय रहवासियों ने कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया है कि लगभग 200 मीटर लंबाई की नाली का निर्माण तालाब के किनारे किया जा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि इस निर्माण से भविष्य में नाली का गंदा पानी रिसाव होकर सीधे तालाब में जाएगा, जिससे जल प्रदूषण की आशंका बढ़ेगी। उक्त तालाब का उपयोग क्षेत्रवासी दैनिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक गतिविधियों के लिए भी करते हैं, ऐसे में जल प्रदूषित होने से जनस्वास्थ्य और धार्मिक आस्था दोनों प्रभावित हो सकते हैं। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि नाली निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन ढंग से किया जा रहा है, जिससे आगे चलकर गंदे पानी का तालाब में जाना लगभग निश्चित है। उन्होंने जनहित में नाली निर्माण को तालाब से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। जिस पर ज्ञापन सौपकर चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते उचित कार्यवाही नहीं की गई तो स्थिति गंभीर हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने तथा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की।

### सृजन संस्था ने शहीद दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**कवर्धा।** नगर की कल्याणकारी संस्था सृजन द्वारा गत दिनों 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर वीर स्तम्भ चौक स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव हेमधर साहू ने शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी व सदस्य गणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

---

# सरस मेला के दो दिनों में 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक का हुआ व्यवसाय

## महिला समूह द्वारा निर्मित सामग्री लोगों को आ रहा पसंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सरदार पटेल मैदान कवर्धा में 23 से 26 मार्च तक आयोजित संभागीय सरस मेला में महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों के लिए मिल का पत्थर बन गया है। मेले के महज दो दिनों में ही विभिन्न समूह का अभी तक लगभग 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक का व्यवसाय हो चुका है। जैविक खाद्य पदार्थो में दाल के विभिन्न प्रकार, अचार, पापड़, मिलेट बिस्किट्स, हर्बल फिनायल, साबुन, दोना-पत्तल-अगरबत्ती, हैंडलूम, बिरनमाला, चूड़ी, कंगन जैसे अनेक वस्तुएं लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गए हैं।

मेले में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु स्टॉल लगाए गए हैं। स्टॉल में लगी सामग्रियां लोगों को बाजार मूल्य से कम दरो पर मिल रही है, जिसे लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। उल्लेखनीय है कि पॉपकॉर्न, चार्ट-गुपचुप व फल के स्टॉल एवं बच्चों के लिए लगाए गए, ट्रम्पोलिन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संध्या ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया है। बड़ी संख्या में लोग मेला स्थल पहुंच कर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुओं को कम दर में प्राप्त कर लाभ ले रहे हैं।

### सात जिलों के महिला समूह ने अपने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टॉल लगाया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि संभागीय सरस मेला में दुर्ग संभाग के सभी सात जिलों के महिला समूह ने अपने विभिन्न उत्पादनो की प्रदर्शनी सह विक्रय का स्टॉल लगाया है। फूड स्टॉलों के अतिरिक्त 28 अन्य स्टॉल लगाए गए हैं तथा मेले के सिर्फ दो दिनों में ही विभिन्न समूह को 1 लाख 85 हजार रुपए से अधिक की आमदनी हो चुकी है। मेले के आयोजन को लेकर समूह की दीदियों में बहुत उत्साह है और स्थानीय लोगो को इसका लाभ मिल रहा है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

संभागीय सरस मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन ने लोगों को बहुत आकर्षित किया। सरगम ग्रुप कवर्धा के महेश ठाकुर एवं उनके साथियों ने देशभक्ति एवं फिल्मी गीतो से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसी तरह माधवेश केसरी एवं साथियों ने भी रंगारंग प्रस्तुति दी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी रीमिक्स के द्वारा अपने नृत्य कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का मनमोह लिया। धनीदास मानिकपुरी एवं संजय मानिकपुरी द्वारा मयारू के माया कार्यक्रम में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी गीतों का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रामखिलावन लांझेकर एवं उनके साथियों द्वारा सूफी गायन प्रस्तुत की गई।

---

### मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में नर्सरी प्रवेश के लिए 30 मार्च से आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धरमपुरा, विकासखंड कवर्धा एवं लडुवा, विकासखंड पंडरिया में शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत सत्र 2026-27 में कक्षा नर्सरी में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक अभिभावक आरटीई पोर्टल के माध्यम से 30 मार्च से 13 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का सत्यापन एवं प्राथमिकता का निर्धारण 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। इस दौरान आवेदक 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अपने आवेदन में आवश्यक संशोधन भी कर सकेंगे।

इसके पश्चात लॉटरी एवं विद्यालय आवंटन की प्रक्रिया 23 से 24 अप्रैल तक संपन्न की जाएगी। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों का संबंधित विद्यालय में प्रवेश 27 से 30 अप्रैल तक किया जाएगा।

---

# दया धर्म का मूल है जिसके मन में दया भाव रहेगा वो सेवा निःस्वार्थ ही करेगाः अतुल देशलहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जैन संघटना रायपुर शाखा का राज्य अधिवेशन-2026 का गरिमामय ढंग से रायपुर के विमतारा सभागार में 22 मार्च कों सम्पन्न हुआ। इस समारोह में जैन संप्रदाय से संबंधित उन विभूतियों का संघटना द्वारा सम्मानित किया गया, जिन्होंने जैन सिद्धांतों को अंगीकार कर समाज सेवा में स्वयं को समर्पित कर दिया है।

मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि इस अधिवेशन में कवर्धा के प्रसिद्ध समाजसेवी, बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, सौम्य, सरल व मृदुभाषी अतुल देशलहरा को प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि अतुल देशलहरा ने नारी सशक्तिकरण, नारी उत्थान, गौ-संरक्षण, बलि प्रथा उन्मूलन, उदयाचल संस्था के तत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण, जैन सिद्धांत के अनुसार लोक कल्याण के कार्य से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सहभागिता निभाई है। श्री देशलहरा ने कहा कि मेरा यह सम्मान जैन सिद्धांतों का सम्मान है, जिसमें सेवा-भाव को विशेष महत्व दिया गया है।

उन्होने कहा कि इस सम्मान को प्राप्त करने में मित्र गण, संस्थाओं में सहयोगी गण, अपने परिवार और अपनी धर्मपत्नी राखी देशलहरा के सहयोग बिना कुछ भी संभव नहीं था। अतुल देशलहरा के सम्मानित होने पर कवर्धा एवं गुरुकुल परिवार में हर्ष का माहौल है। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा है कि अतुल देशलहरा के सम्मान से गुरुकुल परिवार गौरवान्वित है।

---

### आधुनिक मशीन हार्वेस्टर और थ्रेसर से गेंहू व चना की कटाई-मिजाई शुरू



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गेंहू और चना की फसल अब पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी है। वहीं ग्रामीण किसानों द्वारा कटाई और मिजाई का कार्य जोरों से शुरू हो गया है। सुबह से शाम तक किसान खेतों में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण किसान हाथों से फसल काटकर एक-एक दाना समेट रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर मजदूरों की कमी के चलते कई किसान अब आधुनिक मशीनों का सहारा ले रहे हैं। क्षेत्र के ग्राम जेवडन खुर्द, नाऊडीह और दौजरी के किसानों ने बताया कि मजदूर नहीं मिलने के कारण उन्हें हार्वेस्टर मशीन से कटाई करवानी पड़ रही है। वर्तमान में हार्वेस्टर से गेंहू फसल की कटाई का खर्च लगभग 2300 से 2500 प्रति एकड़ है, जबकि मजदूरी दर 150 से 200 प्रति व्यक्ति तक पहुंच गई है। महंगाई के साथ मजदूरी दर बढ़ने से किसानों की परेशानी भी बढ़ गई है। बताया जाता है कि मजदूर पहले अपनी फसल की कटाई करते हैं, उसके बाद ही दूसरों के खेतों में काम करने जाते हैं। आने वाले समय में मजदूरी दर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। दूसरे राज्यों जैसे पंजाब और हरियाणा से भी कंबाइन हार्वेस्टर मशीनें क्षेत्र में पहुंच चुकी हैं, जो एक साथ कटाई और मिजाई का काम कर रही हैं। इससे किसानों का समय और लागत दोनों की बचत हो रही है। कई किसानों ने स्वयं भी हार्वेस्टर खरीद लिए हैं और अपने खेतों के साथ-साथ दूसरों के खेतों में भी सेवा दे रहे हैं। हार्वेस्टर और थ्रेसर मशीनों के उपयोग से किसानों को समय और लागत में राहत मिल रही है, जिससे आधुनिक कृषि की ओर उनका रुझान लगातार बढ़ रहा है। हालांकि हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष (भूसा) बच जाता है, जिसे कई बार जला दिया जाता है। इससे मवेशियों के लिए चारे की कमी की स्थिति बनती है और पशुपालक मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं। इसके चलते मवेशी खेत-खलिहान और सड़कों पर विचरण करते नजर आते हैं।

---

### बरबसपुर प्रवेश द्वार क्षतिग्रस्त कभी भी गिर सकता है, खतरा बढ़ा

**हरिभूमि बरबसपुर।** नेशनल हाईवे स्थित बरबसपुर के प्रवेश द्वार क्षतिग्रस्त व जर्जर हो चुका हैं। इस कारण से प्लास्टर गिर रहे व छड़ दिखाई दे रहे हैं। आने -जाने वाले राहगीरों के सिर के ऊपर कभी भी गिर सकता है। ग्राम पंचायत व जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है। अब इसका नवनिर्माण जरूरी है। यह प्रवेश द्वारा वर्ष 1997-98 में ग्राम पंचायत के माध्यम से निर्माण किया गया था।

---

### जुनवानी में पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ व श्रीशिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़

# शिवलिंग की स्थापना कराने से मुक्ति मिलती हैः स्वामी ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला साहू संघ और मां कर्मा माता मंदिर समिति द्वारा आयोजित ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में आयोजित पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के छठवें दिन दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा भगवान श्रीशिव के शिवलिंग का पूजन दुर्लभ है, जो अपने जीवन में शिवलिंग की स्थापना कराता है और पूजन की व्यवस्था करता है वह मुक्ति पाता है। यज्ञ लोगों के कल्याण के लिए होता है, आपस में प्रेम से रहें आपस में समन्वय हो, भगवान प्रसन्न हो इसलिए यज्ञ किया जाता है। यज्ञ से वर्षा होती है वर्षा से किसान प्रसन्न होता है और कृषि से अन्न होता है उससे संसार उत्पन्न होता है। पितरों के साथ स्वधा नाम की कन्या का विवाह हुआ जिससे तीन कन्या उत्पन्न हुई मैना, कलावती और धन्या ये तीनों बहनें भगवान श्रीविष्णु का दर्शन करने श्वेत द्वीप गए वहां भगवान का दर्शन कर बैठ गए सनत कुमार आदि भैया वहां आए उनको तीनों बहनें प्रणाम नहीं की शिव माया के कारण तब सनकादि ऋषियों ने शाप दिया कि तुम लोग मनुष्यों की पत्नी बनोगी। तब बहनों ने क्षमा मांगी तब कुमारों ने कहा कि चिंता मत करो इस विपत्ति के कारण तुम्हारा नाम संसार में प्रकाशित होगा। विपत्ति के बिना कोई महिमा मण्डित नहीं होता। विपत्ति और संघर्ष मनुष्यों को महान बनाने हैं। धन्या से कहा तुम्हारा विवाह योगी जनक से होगा और सीता की माता बनोगी। कलावती से कहा तुम्हारा विवाह भगवान के अंश वृषभानु से होगा और भगवती राधा की माता बनोगी। मैना से कहा कि तुम्हारा विवाह हिमाचल से होगा तुम पार्वती की माता बनोगी पार्वती का विवाह भगवान शंकर से होगा सीता का भगवान श्रीराम से और राधा का विवाह भगवान श्रीकृष्ण से होगा। सती माता मैना के घर पार्वती के रुप में प्रकट हुई। देवर्षि नारद ने पार्वती के भविष्य का वर्णन किया।

उन्हेने बताया कि कुत्ते और सर्प को यदि कोई छू ले तो वस्त्र सहित स्नान करके शुद्ध होते हैं और गौ-माता को स्पर्श करने से पुण्य मिलता है गौ-माता के पूंछ में सारे तीर्थ का निवास होता है। भगवान श्रीशिव समाधि लगाए थे, उसी समय तारकासुर नामक दैत्य तीनों लोकों पर अत्याचार कर रहा था देवता ब्रह्मा के पास गए और प्रार्थना किये तब कामदेव ने शिव की समाधि भंग कर दी कामदेव को भस्म कर दिया। रति के प्रार्थना करने पर बिना शरीर के जीवित कर दिया और कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण का अवतार होगा तब श्रीकृष्ण पुत्र प्रद्युम्न के रूप में कामदेव जन्म लेंगे और आपको प्राप्त होंगे। कामदेव देवताओं का काम बनाने गए थे परोपकार करते भस्म हुए इसलिए भगवान के पुत्र बनने का सौभाग्य मिला। इधर सती माता हिमाचल के घर पार्वती के रुप में प्रगट हुई। देवर्षि नारद ने माता पार्वती को तप करने कहा भगवान श्रीशिव को पति रूप में प्राप्त करने माता पार्वती जी तप करने लगीं और जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव प्रसन्न होकर वरदान दे दिए कि पार्वती मैं आपके साथ विवाह करुंगा और मंगलमय अद्भुत बारात भगवान शिव की निकली और जगत के कल्याण के जगत के माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव का विवाह हुआ। शिव पार्वती विवाह का पावन प्रसंग सुनकर श्रोतागण भाव-विभोर हुए।